हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 अप्रैल 2024


तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

11 अष्टमी पर कंजकों को घर में श्रद्धालुओं ने खिलाया प्रसाद



12 30 हजार लोगों ने अपलोड करवाई प्रॉपर्टी की जानकारी




Farm House
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN


## शहर में आज

- विश्व हिंदू परिषद द्वारा रामनवमी पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी
- नगर निगम द्वारा प्रोपर्टी आईडी ठीक करने के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा 11.30 बजे से
- प्रशासन द्वारा बसों की चेकिंग की जाएगी सुबह 9 बजे से
- सेक्टर-1 के लोग पानी को लेकर पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1.30 बजे

## बिजली कट

- सुबह 9 से 12 बजे तक

शीतल नगर, न्यू विजय नगर, अजीत कॉलोनी, अमृत कॉलोनी, सरस्वती स्कूल

- सुबह 10 से शाम 1:00 बजे तक

सब्जी मंडी चौक, गुलाब रेवड़ी चौक, चमेली मार्केट, कसाई चौक, इंदिरा मार्केट, बाबरा चौक और केवल गंज

- सुबह 8 से 10 बजे तक

1 केवी स्ट्रीट लाइट फीडर, 11 केवी लाढ़ौत रोड फीडर, 11 केवी हैफेड रोड फीडर, 11 केवी मिल्क प्लांट फीडर, 11 केवी साई बॉक्सिंग हॉल फीडर, 11 केवी सन सिटी टाउन शिप, 11 केवी सन सिटी ऊंचाई, 11 केवी पानीपत रोड, 11 केवी सुपवा फीडर, 11 केवी मकरोली आरडीएस फीडर, 11 केवी चमरिया एपी, 11 केवी नासिरपुर एपी, 11 केवी लक्ष्मी नगर, सेक्टर-36 ए, सेक्टर 6, नया बस स्टैंड, लाढ़ौत रोड, सूर्य नगर, रेस्तरां रोड, मकरौली गांव, पथनिया शूल, सन सिटी लक्ष्मी नागा, विकास नगर आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।

## खबर संक्षेप

### शोभायात्रा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने धारा 23(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राम नवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को विश्व हिन्दू परिषद शोभा यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत नायब तहसीलदार बंसीलाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# महम की बेटी डॉ. प्रगति वर्मा ने यूपीएससी में हासिल किया 355वां रैंक, फिलहाल अंबाला कमिश्नर की ओएसडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

महम के रिटायर्ड अध्यापक नरेश की बेटी डॉ. प्रगति वर्मा ने यूपीएससी की परीक्षा में जनरल कटैगरी में 355वां रैंक हासिल किया है। प्रगति वर्तमान में एचसीएस अधिकारी हैं और अंबाला कमिश्नर की ओएसडी हैं। 30 वर्षीय प्रगति वर्मा ने रोहतक पीजीआई से एमबीबीएस और चंडीगढ़ पीजीआई से रेडियोलोजी में एमडी की हुई है। एचपीएससी में एक रैंक हासिल किया था। यूपीएससी में प्रगति का यह दूसरा अटैम्पट था। पहली बार उनका 740वां रैंक था। 2018 में इन्होंने एम्स में बतौर सीनियर रेजिडेंट नौकरी ज्वाइन की थी। साल 2019 में इनकी शादी कुरुक्षेत्र में डॉ. अतुल वर्मा के साथ हुई थी। उसके बाद इनका तबादला रोहतक पीजीआई में हो गया था। कोरोना काल में इन्होंने बेटे को जन्म दिया। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर की नौकरी से त्यागपत्र दे दिया।

### कोरोना काल में की तैयारी



महम। डॉ. प्रगति वर्मा।

उन्होंने करनाल के एक प्राइवेट अस्पताल में रेडियोलोजिस्ट के तौर पर नौकरी की। कोराना काल में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की। जिसका नतीजा यह रहा कि इस दौरान उनका एचसीएस में चयन हो गया। साल 2023 में यूपीएससी की परीक्षा दी। लेकिन इस बार इन्होंने 355वां रैंक हासिल कर यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रगति का सपना यूपीएससी की परीक्षा पास करना था, जो इन्होंने हासिल कर दिखाया है।

### महम के अस्पताल में कार्यरत हैं मां

प्रगति की मां महम के नागरिक अस्पताल में पीएचएन के पद पर कार्यरत हैं। इनके दादा हेडमास्टर देशराज का सपना था कि इनके परिवार के बच्चे पढ़ लिखकर अफसर बनें। प्रगति के पिता नरेश कुमार ने नेवी से रिटायर होने के बाद टीचर की सरकारी नौकरी ज्वाइन की थी, अब वे यहां से भी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके चाचा दिनेश भी आर्मी में हैं। ताऊ महेश वर्मा एयरफोर्स से सेवानिवृत्त होकर सरकारी स्कूल में लेक्चरर हैं। इनके चाचा उमेश पटियाला में लेक्चरर हैं। जो आर्मी की एजुकेशन कोर में थे। प्रगति ने महम के एसकेजी स्कूल से 12वीं कक्षा पास की थी।



## 28483.70 मीट्रिक टन गेहूं और 18824.91 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**रोहतक।** अभी तक 28483.70 गेहूं व 18824.91 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। प्रशासन द्वारा गेहूं व सरसों की सुचारू ढंग से खरीद के लिए सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। तथा उच्चाधिकारियों को भी मंडियों में नियुक्त किया गया है। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें तथा अपनी फसलों को सुखाकर व अच्छी तरह साफ करके मंडियों में लाये। डीसी अजय कुमार ने कहा कि 28483.70 मीट्रिक टन गेहूं में से कलानौर साइलो में 811.04 मीट्रिक टन , किलोई में 1523.80 , महम मंडी में 891.30 , रोहतक मंडी में 14609.31 , सांघी में 984.25 तथा सांपला मंडी में 9664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसी प्रकार 18824.91 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है।

दो हत्या से सन्नाटा, ताबड़तोड़ फायरिंग से थरार्या महम का भिवानी स्टैंड, दुकानदारों की आंखों में दिखा खौफ

# गैंगवार की तपिश में जल रहा निंदाना गांव, अब तक 6 मर्डर, गोधू और डीसी गैंग में चल रही दुश्मनी

- दूसरा मृतक बल्लू नंबरदार का किसी गैंग से संबंध नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

गांव निंदाना गैंगवार की तपिश में जल रहा है। कई साल से डीसी गैंग और गोधू गैंग में गैंगवार चल रहा है। इस गैंगवार में अब तक 6 लोगों की हत्याएं हो चुकी हैं। मंगलवार को निंदाना के वजीर सिंह की हत्या गैंगवार के चलते ही हुई है। वहीं वारदात के समय गोली लगने से मरने वाला बल्लू नंबरदार किसी भी गैंग से संबंध नहीं रखता था। इस मामले में पुलिस ने वजीर सिंह के भाई रामनिवास की शिकायत पर अंकित, राहुल उर्फ ठुट्टी, रणबीर व रणबीर की पत्नी, साहिल उर्फ ढाला और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। ये सभी अंकित उर्फ गोधू से संबंध रखते हैं। वारदात के बाद महम में दहशत है और गांव निंदाना में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस ने जांच की और एफएसएल इंचार्ज सरोज दहिया ने सबूत जुटाए। सीसीटीवी की फुटेज में हत्यारे कैद हो गए हैं।



महम। वारदात स्थल पर साक्ष्य जुटातीं एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया।



महम। बेड पर मृतक वजीर सिंह।



मृतक बल्लू नंबरदार।

### नंबरदार की पीजीआई में मौत

वारदात के समय एक गोली वहां हुक्का पी रहे किशनगढ़ निवासी बल्लू नंबरदार के सिर में लगी। जिसके बाद उसे महम के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया, जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। डीएसपी संदीप कुमार व एसएचओ सत्यपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की।

### आरोपियों की तलाश जारी

सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। एसएफएल की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गैंगवारी में घटना को अंजाम दिया गया है तथा आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। **-संदीप कुमार**, डीएसपी, महम।

### कोर्ट में पेशी पर आए थे

वजीर के भाई रामनिवास ने बताया कि वजीर अपने बच्चों सहित लोहारू में रहते था। 2018 मे मेरे व मेरे परिवार के खिलाफ जयभगवान निवासी निंदाना ने केस दर्ज करवाया था। इसी केस को लेकर महम कोर्ट में मंगलवार को तारीख थी। रामनिवास के अनुसार वह खुद व वजीर, कृष्ण, दीपक और संजीत महम कोर्ट में तारीख पर आए थे।

### दिल्ली नंबर की कार भी थी

कोर्ट में तारीख मिलने के बाद वजीर व रामनिवास की पत्नी गुड्डी घर का सामान खरीदकर भिवानी स्टैंड पहुंचे। वजीर भिवानी जाने वाली बस की इंतजार में खड़ा था और रामनिवास व उसकी पत्नी गुड्डी वापस चले गए थे। वे कुछ दूर ही गए थे कि गोलियां चलने की आवाज आई। रामनिवास ने नजदीक से जाकर देखा तो मोटरसाइकिल पर दो लड़के वजीर पर गोलियां बरसा रहे थे। रामनिवास के अनुसार गोली मरने वालों के साथ एक दिल्ली नम्बर की सफेद रंग की कार में चार-पांच आदमी भी थे। यह कार मोटरसाइकिल के पास ही खड़ी हुई थी।

### रंजिश में हुई हत्या

रामनिवास ने पुलिस को शिकायत में बताया कि हमारे व अंकित उर्फ गोधू के परिवार की पिछले मुकदमे को लेकर रंजिश थी। उसी रंजिश के चलते अंकित उर्फ गोधु निवासी निंढाना ने अपने परिवार वालों राहुल उर्फ ठुट्टी, रणबीर व रणबीर की पत्नी, साहिल उर्फ ढाला और अन्य दोस्तों के साथ मिलकर गोलियों से भूनकर वजीर की हत्या कर दी। बल्लू नम्बरदार निवासी किशनगढ़ को भी इसी वारदात में मार दिया गया।

### ऐसे हुई वारदात

मंगलवार दोपहर का समय था। कस्बे के व्यस्तम स्थानों में से एक भिवानी रोड के भिवानी स्टैंड पर लोगों की अच्छी खास भीड़ थी। बाइक पर आए दो युवकों ने तंबाकू की दुकान पर हुक्का पी रहे डीसी गैंग के गुर्गे निढाना निवासी संदीप धरती के चाचा वजीर सिंह पर फायरिंग कर दी। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। करीब पांच गोली लगने से वजीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान बल्लू नंबरदार को भी गोली लगी लगी। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में हुई ताबतोड़ फायरिंग से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। देर शाम तक दुकानदारों की आंखों में दोपहर को हुई वारदात का खौफ साफ दिखाई दे रहा था।

### गांव के ही दोनों गैंग

गांव निदाना में पिछले कई वर्षों से डीसी व गोधू गैंग के बीच गैंगवार चली आ रही है। गैंगवारी में अब तक दोनों पक्षों के करीब छह लोगों की जान जा चुकी है। दोनों गैंग अक्सर एक दूसरे पर हमला करने की फिराक में रहते हैं। दोनों ही किसी भी मौके को अपने हाथ से नहीं जाने देते। गांव में चल रही गैंगवार से गांव व आसपास के ग्रामीणों में दशहत बनी रहती है।



पीजीआई में घायल को लेकर आए परिजन।

### वित्तमंत्री दलाल से जुड़ा मृतक का नाम


बताया जाता है कि निंदाना से लोहारू शिफ्ट हुए वजीर सिंह अपने भाई शमशेर के साथ खेती करते हैं। फिलहाल दोनों भाईयों ने प्रदेश के वित्तमंत्री जेपी दलाल की खेती पटे पर ली हुई है। वजीर सिंह किसी काम से गांव में रह रहे अपने भाइयों से मिलने के लिए गांव आया हुआ था। मंगलवार को लोहारू जाने के लिए मंगलवार दोपहर भिवानी स्टैंड पर पहुंचे थे। जहां वाहन के इंतजार में स्टैंड पर एक तंबाकू की दुकान पर हुक्का पी रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर दी।

पहल | मदवि के इमसॉर में विश्व हीमोफीलिया दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम

# हीमोफीलिया का इलाज नहीं उपचार है: प्रो. सुधीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हीमोफीलिया एक वंशानुगत स्थिति है जो रक्त में विशिष्ट थक्के जमने वाले कारकों की कमी या अनुपस्थिति के कारण होती है। हीमोफीलिया का कोई इलाज नहीं है, लेकिन ऐसे उपचार हैं जो इस विकास से पीड़ित लोगों का सामान्य, सक्रिय जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसॉर) में आज विश्व हीमोफीलिया दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पं भगवत दयाल स्वास्थ्य विज्ञान विवि के हेमाटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष एवं



प्रतिष्ठित चिकित्सक प्रो. सुधीर अत्री ने बतौर मुख्य वक्ता ये कहा। समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल (सक्षम) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो. सुधीर अत्री ने हीमोफीलिया रोग के कारण, कारकों, प्रकारों, लक्षण एवं उपचारों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया एक दुर्लभ आनुवंशिक विकार है, जो रक्त के ठीक से जमने की क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे लंबे समय तक रक्तस्राव होता है और आसानी से चोट लग जाती है।


### हीमोफीलिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

प्रो. सुधीर अत्री ने कहा कि हीमोफीलिया के बारे में आमजन में जागरूकता बढ़ाने, प्रभावित लोगों के लिए समुचित उपचार और देखभाल करने तथा इस विकास के इलाज के लिए अनुसंधान प्रयासों में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया के इस वर्ष का थीम-सभी के लिए समान पहुंचः सभी रक्तस्राव विकारों को पहचानना यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि इन स्थितियों वाले सभी लोगों को स्थान या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उचित निदान और उपचार मिले।राष्ट्रीय सह प्रमुख, सक्षम डॉ. चंद्रभूषण पाठक ने इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। इमसॉर निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा ने इस जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि हीमोफीलिया और अन्य रक्तस्त्राव विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष 17 अप्रैल को विश्व हीमोफीलिया दिवस मनाया जाता है। सहायक प्रोफेसर डा. ईश्वर मित्तल ने मंच संचालन किया तथा अंत में आभार जताया। इस अवसर पर इमसॉर के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एमडीयू शोधार्थी कीर्ति अंतरराष्ट्रीय यंग रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की शोधार्थी कीर्ति को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यंग रिसर्चर अवार्ड से नवाजा गया है। भूगोल विभाग के अध्यक्ष तथा शोधार्थी कीर्ति की पीएचडी सुपरवाइजर प्रो. महताब सिंह ने बताया कि गत 12-13 अप्रैल को प्रतिष्ठित बीके बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर एजुकेशन, पिलानी (राजस्थान) द्वारा- सस्टेनेबल डेवलपमेंट चैलेंजस, ऑपरच्यूनिटीज एंड द फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विभाग की शोधार्थी कीर्ति ने- असेसमेंट ऑफ़ एमर्जिंग एयर पॉल्यूशन कंट्रोल टेक्नोलॉजीज इन म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट इन्सिनरैशनः ए कंपैरेटिव एनालिसिस पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन में उपस्थित शिक्षाविद एवं विद्वतजनों ने शोधार्थी कीर्ति के शोध पत्र की सराहना की और कीर्ति को उत्कृष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए यंग रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया।



# अनुराग की 'थ्रिलर' फिल्म में बॉबी देओल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है। बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति भी दे दी।

लाइफ Style



# यामी

## आर्टिकल 370 के लिए माना आभार

यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म 'आर्टिकल 370' ने सिनेमा घरों में 60 दिन पूरे कर लिए हैं। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल-370 सिनेमाघरों में 23 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में यामी गौतम और प्रियामणि ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म जम्मू कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को रद्द करने के फैसले पर आधारित है। इस फिल्म ने सिनेमा घरों में धूम मचाकर रखी है। यामी गौतम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कैप्शन में लिखा है, आर्टिकल 370 की शूटिंग के पहले दिन से लेकर सिनेमाघरों में फिल्म के इतने शानदार दिनों तक, समय बहुत तेज़ी से बीत गया।

मुझे यह मौका देने के लिए मैं आदित्य धर फिल्म्स की बहुत आभारी हूं। एक बेहतरीन प्रोड्यूसर होने के लिए लोकेश धर को स्पेशल थैंक्स। फिल्म को जीवंत बनाने के लिए पूरी टीम, डायरेक्टर आदित्य सुहास जांभले, राइटर, एक्टर्स और एडिटिंग, म्यूजिक, सिनेमेटोग्राफी और शानदार तकनीशियनों को थैंक यू।

## हॉलीवुड मसाला



# एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़े फजल

**नई दिल्ली।** अली फजल की गिनती बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। वह न सिर्फ बड़े पर्दे पर, बल्कि ओटीटी पर भी अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अली इंडस्ट्री के उन चुनिंदा अभिनेताओं में शुमार हैं, जिन्होंने अपने शानदार अदाकारी के बूते न सिर्फ बॉलीवुड, बल्कि हॉलीवुड में भी अपनी एक खास जगह बनाई है। पिछली बार हॉलीवुड फिल्म 'कंधार' में दिखे अली को अब एक और बड़ा मौका मिलने वाला है। दरअसल, 'कंधार' को फ्रैंचाइजी का रूप दिया जा रहा है।



# स्कारलेट की एडिटेड तस्वीर हो रही वायरल

**लॉस एंजिलस।** सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर इन दिनों एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें हॉलीवुड अदाकारा स्कारलेट जोहानसन को एक रिक्शा पर बैठे देखा जा सकता है। पोस्ट में दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर स्कारलेट जोहानसन के दिल्ली दौरे की है। स्कारलेट ने कहा कि वायरल तस्वीर एडिटेड है उन्होंने कहा कि एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के चेहरे पर एडिटिंग टूल्स की मदद से स्कारलेट जोहानसन का चेहरा चिपकाया गया है। बता दें कि फेसबुक यूजर अनिर्बान रॉय ने 4 अप्रैल को वायरल तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है दिल्ली की सड़क पर स्कारलेट जोहानसन।



# मिस्टर एंड मिसेज... देखने एक्साइटेड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर मिस्टर एंड मिसेज माही का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेजमाही 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'देवराः पार्ट-1' देखकर सभी को होगा गर्व

**मुंबई।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'देवराः पार्ट 1' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 'देवराः भाग 1' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, 'देवारा' दो भागों में प्रदर्शित होगी।

## टीवी मसाला



# कन्नप्पा से तेलुगु डेब्यू कर रहे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। वे 'कन्नप्पा' नामक तेलुगु फिल्म से अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस नए और रोमांचक वेंचर में, वे बहुमुखी तेलुगु स्टार विष्णु मांचू के साथ काम करेंगे। इतना ही नहीं, फिल्म में प्रभास और मोहनलाल जैसे अन्य बड़े नाम भी शामिल हैं। तेलुगु फिल्म क्षेत्र में कदम रखते हुए, अक्षय का लक्ष्य इस इंडस्ट्री में अपने आकर्षण और प्रतिभा को बिल्कुल नए दर्शकों तक पहुँचाना है। प्रोडक्शन से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार, एक्शन से भरपूर इस आगामी महाकाव्य में अक्षय की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए मनोरम और यादगार होने का वादा करता है, जो निस्संदेह उन पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा। अभिनेता एक गहन शूटिंग शेड्यूल के लिए हैदराबाद जा रहे हैं, जिसमें फिल्म के क्लाइमेक्स के एक महत्वपूर्ण हिस्से के साथ ही महत्वपूर्ण सीन्स को कैप्चर करने पर प्रमुख रूप से ध्यान दिया जाएगा। निर्माता और प्रमुख अभिनेता विष्णु मांचू कहते हैं, "अक्षय सर के साथ शूटिंग करना वास्तव में किसी रोमांचकारी सफर पर जाने जैसा है। हम फिल्म का क्लाइमेक्स एक साथ शुरू करेंगे। उनके जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता का इस प्रोजेक्ट में शामिल होना हमारे लिए एक बहुत बड़ा सम्मान है।

## 'मैडनेस मचाएंगे' में परितोष 'टीआरपी मामा' बन करेंगे सबका मनोरंजन



**नई दिल्ली।** 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में परितोष त्रिपाठी अपने लोकप्रिय किरदार 'टीआरपी मामा' की एक छोटी सी झलक से सभी का दिल जीत लेंगे। उन्होंने कहा कि इससे उनका दिल खुशी से भर जाता है। 'कॉमेडी स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कॉमेडी प्रतिभाओं गौरव मोरे, सृष्टि रोडे, बलराज सयाल और सुगंधा मिश्रा का स्वागत किया जाएगा। शो में परितोष न केवल उनके द्वारा किए जाने वाले नियमित हंसी-मजाक का हिस्सा होंगे, बल्कि मेजबान की भूमिका भी निभाएंगे।

# एड शीरन के गाने 'परफेक्ट' पर थिरकीं टीवी की 'जोधा बेगम'

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस परिधि शर्मा ने टीवी सीरियल 'जोधा अकबर' में 'जोधा बाई' की मुख्य भूमिका निभाई थी। इस सीरियल से परिधि शर्मा को घर-घर में लोकप्रियता मिली थी। 'जोधा' बन दर्शकों के दिलों पर छाने के बाद एक्ट्रेस परिधि शर्मा काफी समय तक पर्दे से दूर थीं, हालांकि जब उन्होंने वापसी की, तो वह पहली वाली पॉपुलैरिटी हासिल नहीं कर पाईं। इन दिनों ये एक्ट्रेस एक बार फिर सुर्खियों में छाई हुई हैं, लेकिन इस बार वह अपने किसी सीरियल के चलते नहीं बल्कि अपने एक डांस वीडियो की वजह से खबरों में बनी हुई हैं। बता दें, परिधि शर्मा को 'रुक जाना नहीं', 'ये कहां आ गए हम', 'पटियाला बेब्स' जैसे शोज में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।



### ट्रेनर के साथ किया परफेक्ट डांस

परिधि शर्मा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अपने डांस ट्रेनर के साथ एड शीरन के ट्रैक 'परफेक्ट' पर डांस करते हुए देखा जा सकता है। एक्ट्रेस को वीडियो में नियॉन ग्रीन टी-शर्ट और काले रंग के शॉर्ट्स में देखा जा सकता है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस कैप्शन में लिखती हैं, 'डांस रिहर्सल. आपके समर्पण और डांस के प्रति प्यार के लिए शुक्रिया।

### फैंस बोले- प्लीज टीवी पर आ जाइए

फैंस ने परिधि के वीडियो पर खूब प्यार बरसाया। एक्ट्रेस के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर लिखते हैं, 'क्या खूबसूरत डांसर है। वहीं परिधि शर्मा के एक और फैन पर्दे पर उनकी वापसी को लेकर सवाल करते दिखे। वह लिखते हैं, 'प्लीज टीवी पर वापस आ जाइए। आपको पर्दे पर देखना बहुत अच्छा लगता है।

# मुनव्वर के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज ...



मुंबई। जानेमाने संगीतकार-रैपर बिग बॉस फेम मुनव्वर फारुकी के डेब्यू वेब शो 'फर्स्ट कॉपी' का टीजर रिलीज हो गया है। मुनव्वर फारुकी ने 'फर्स्ट कॉपी' नामक एक वेब सीरीज में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत की घोषणा की है। मुनव्वर ने सोशल मीडिया पर सीरीज का आधिकारिक टीजर जारी किया। टीजर हमें 1999 में वापस ले जाता है, जब डीवीडी का चलन बहुत बड़ा था। फ़िल्में शुक्रवार को सिनेमाघरों में आती हैं, लेकिन कई लोग आधिकारिक रिलीज़ से पहले गुरुवार को डीवीडी पर फ़िल्म की 'पहली कॉपी' बनाने के लिए उत्सुक रहते हैं। मुनव्वर फारूकी ने कहा कि पिछले कई सालों से, मेरे फैंस हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं और मैंने जो कुछ भी किया है, उसमें मेरा समर्थन किया है। इसलिए, मैं इस साल इस प्रोजेक्ट की घोषणा करके उन्हें एक ख़ास तोहफ़ा देना चाहता था, जहां वे मेरा एक नया पक्ष देखेंगे। मैं इस पर सभी की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हूं।

## इन सितारों की भी दरियादिली देखने लायक


# सोनू सूद ही नहीं, ये बॉलीवुड सितारे भी दिल खोलकर करते हैं दान

*__मुंबई।__ बॉलीवुड सितारे भव्य जीवन जीने के लिए पहचाने जाते हैं, लेकिन इनमें कुछ सितारे ऐसे भी हैं, जो इंसानियत नहीं भूलते हैं। नाम, शोहरत और पैसा हासिल करने के बाद भी इन सितारों की दरियादिली देखने लायक होती है। ये सितारे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस सूची में सोनू सूद से सलमान खान तक का नाम है। आईए, जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं।*



### सोनू सूद और सलमान खान

कोरोना महामारी के समय सोनू ने जो किया, उसे कौन भूल सकता है। अभिनेता ने प्रवासी मजदूरों की हर मुमकिन मदद की थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी मदद करते हैं।



सलमान भी दिल खोलकर लोगों की मदद करते हैं। वह बीइंग ह्यूमन नाम की एक संस्था चलाते हैं, जिससे बीमारों की मदद की जाती है। इसके अलावा भी वह लोगों की मदद करने के लिए कदम उठाते रहते हैं।

### अक्षय कुमार और आलिया भट्ट

अक्षय कुमार का नाम भी इस सूची में शुमार है। अभिनेता को कई बार प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को दान देते देखा गया है। वह अपनी दरियदिली के लिए अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार अभिनय के लिए सुर्खियों में रहने वाली आलिया भट्ट एक वेलफेयर प्रोग्राम से जुड़कर लोगों की मदद करती हैं। वह कई बार सलाम बॉम्बे नामक संस्थान के जरिए लोगों की मदद करती नजर आती हैं।

### सुष्मिता सेन और प्रियंका चोपड़ा

अभिनेत्री सुष्मिता सेन अपने अभिनय के साथ ही लोगों की जमकर मदद करने के लिए भी पहचानी जाती हैं। अभिनेत्री एम फाउंडेशन से जुड़ी हुई हैं और उसके जरिए लोगों की मदद करती हैं। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक अपना जादू चलाने वाली प्रियंका चोपड़ा का दिल भी बहुत बड़ा है। उनका खुद की दान संस्था है और उन्होंने यूनिसेफ के साथ जुड़कर भी काम किया है।





### शाहरुख खान और आमिर खान

सुपरस्टार शाहरुख खान ने भी कोरोना के समय लोगों की मदद की थी। इसके साथ वह एक एनजीओ भी चलाते हैं, जिससे वो गरीबों की मदद करते हैं। कथित तौर पर शाहरुख ने विभिन्न सामाजिक कारणों के लिए काम करने वाली 10 से अधिक चैरिटी संस्थानों के साथ साझेदारी की है। आमिर खान को भी अक्सर दान करते देखा जाता है। वह उत्तराखंड बाढ़ पीड़ितों की मदद कर चुके हैं। इसके अलावा भी वह बहुत कुछ करते हैं।

# इस फिल्मकार के साथ काम करना चाहती हैं नोरा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही, हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया।*



*__देवदास देखकर आया अभिनेत्री बनने का आइडिया:__ नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे।*

## खबर संक्षेप



### नई शैक्षणिक भवन की आधारशिला रखी

**रोहकत।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में नई शैक्षणिक भवन की आधारशिला प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा द्वारा रखी गई। इस शैक्षणिक भवन के निर्माण से आगामी सत्र में छात्रों को शैक्षणिक रूप से और सहायता मिलेगी। इस अवसर पर डॉक्टर सतबीर, डॉक्टर अनिल, डॉक्टर प्रदीप मालिक एवं डॉक्टर मस्तराम इत्यादि उपस्थित रहे।

### गांवों में बसों का रात्री ठहराव रद करना गलत

**रोहतक।** परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण रात्रि ठहराव वाली बसों को चालक व परिचालकों द्वारा डिपो में खड़ा करने के आदेश दिए गए हैं। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने इसकी निंदा की है। कर्मचारी नेता नरेंद्र दिनोद, सुमेर सिवाच, शिव कुमार, सुशील कुमार, नविन राणा और जयकुंवार दहिया ने बताया कि इन आदेशों के जारी होने से बसों के संचालन पर जहां चालक परिचालकों को समय से अतिरिक्त कार्य करना पड़ेगा वहीं सुबह खाली बसें गांव सेवा के लिए जाएंगी और शाम को गांव से खाली डिपो में लाई जाएंगी।

### राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान रखने का आह्वान किया

**रोहतक।** किसी भी राष्ट्र का राष्ट्रीय ध्वज उसके मान सम्मान और अभियान का प्रतीक होता है। हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का मान, सम्मान और अभिमान है। गत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर पूरे राष्ट्र में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा की पुकार के तहत क्या शहर क्या गांव हर जगह हर घर पर तिरंगा ही तिरंगा लहराता हुआ नजर आ रहा था । आज शहरों और गांव में उस समय फहराये गए ध्वज आज बहुत दयनीय हालत में है। उनका रंग उड़ चुका है। और जगह-जगह से फटी हुई हालत में घरों और दुकानों पर लटके हुए नजर आ रहे हैं। मंगलवार को पूर्व सैनिकों ने सुखपुरा चौक से जींद बाईपास तक मकान पर लटके इस प्रकार के झंडों को हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक के साथ मिलकर नए झंडा भेंट कर बदली करवाया।

## जसबीर और कबीर कॉलोनी वासी गंदे पानी से परेशान

# नवीन जयहिंद ने प्रशासन को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

नवीन जयहिंद के पास पहुंची गुहार लगाने, जयहिंद ने कहा 24 घंटे में समाधान हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। गंदे पानी की बोतल लेकर नवीन के कार्यालय में पहुंची जसबीर कॉलोनी की महिलाएं।

जसबीर कॉलोनी की महिलाएं और बुजुर्ग इन दिनों घरों मे आ रहे गंदे पानी को लेकर परेशान हैं। महिलाओं ने बताया कि वह पिछले 5 साल से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। न पार्षद, मेयर, विधायक और न ही सांसद ने उनकी समस्या को सुना और न ही कोई समाधान किया। जसबीर कॉलोनी की महिला ने बताया कि पिछले 1 महीने से उनकी कालोनी में पानी तक नहीं आ रहा है। जब 1 महीने बाद पानी आया तो सीवर का पानी उनके घरों में आने लगा। इस पानी में इतनी बदबू आ रही है कि उनका घरों में रहना तक मुहाल हो गया है। आखिर में परेशान होकर वह अपनी गुहार नवीन जयहिंद के पास लेकर आई है। इसके बाद नवीन ने प्रशासन को समस्या निवारण के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दे डाला।

### नेताओं को दूषित पानी पीने पर ही मिलेगी वोट

नवीन जयहिंद ने कहा कि वह पहले भी प्रदेश की पानी की समस्या को उठा चुके हैं। उनके पास जसबीर और कबीर कॉलोनी की महिलाएं अपने घरों में आ रहे गंदे पानी की समस्या को लेकर आई हैं। जो गंदा पानी कॉलोनी वासी पी रहे हैं वहीं पानी अगर चुनाव में खड़े नेता पीकर दिखा दे तो सभी कॉलोनी वासी उन्हें वोट देंगे। पिछले 5 साल से उनकी कॉलोनी की किसी नेता ने सुध तक नहीं ली सड़क खराब पड़ी है थोड़ी सी बारिश में सीवरेज ठप हो जाते हैं और आज वही नेता घर घर वोट मांगते फिर रहे हैं।

### विधायक के घर का करेंगे घेराव

जयहिंद ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वे प्रशासन और नेताओं को 24 घंटे का समय देते है या तो वो खुद आकर इस समस्या का समाधान करवाएं अन्यथा वे कॉलोनी वासियों के साथ हैं। वे इस गंदे पानी को लेकर चुनाव लड़ रहे नेताओं, पार्टियों के ऑफिस, मौजूदा सांसद, विधायक के घर और डीसी के ऑफिस पहुंचेंगे।

## दीक्षांत समारोह में भी मतदान का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




राजकीय महिला महाविद्यालय लाखनमाजरा में मंगलवार को दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंहने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभ में महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं महाविद्यालय की प्राचार्य इंदु सपरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर एडीसी वैशाली सिंह ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं को पुरुष के बराबर वोट डालने का समान अधिकार है। देश के प्रत्येक नागरिक को अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि जिन छात्राओं की आयु 18 वर्ष या इससे अधिक है, वे अपना वोट 26 अप्रैल तक अवश्य बनवा लें। और आने वाली 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में मत का प्रयोग कर इस पावन पर्व को सफल बनाएं।

### लघु नाटिका का भी किया मंचन

इस अवसर पर छात्राओं ने एक लघु नाटिका का भी मंचन किया। जिसके द्वारा मत का प्रयोग एवं धर्म जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर योग्य उम्मीदवार को वोट डालने का आह्वान किया गया। दीक्षांत समारोह में लगभग 300 छात्राओं को कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में उपाधि से अलंकृत हुई। कार्यक्रम में उन छात्राओं को भी सम्मानित किया गया, जो शिक्षा सत्र 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में पहले 10 स्थान पर रही थी। इसके अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस प्रदान दिया। इस मौके पर डॉ. मेहर सिंह, डॉ. प्रदीप सिवाच समेत समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।



### मॉडल स्कूल में निकाली रैली

**सांपला।** कस्बे में स्थित मॉडल स्कूल में मंगलवार को सुनो नहरों की पुकार मिशन के अंतर्गत रैली निकाली गई। इस रैली में कक्षा नौवीं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने नहरों से संबंधित स्लोगन अपने हाथ में लेकर रैली को सफल बनाया। इस रैली का उद्देश्य लोगों को नहरों की सफाई के प्रति जागरूक करना था। प्रिंसिपल निर्मल भारद्वाज ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों को नहरों के महत्व से अवगत कराया।

## शिक्षा भारती विद्यालय में मनाया दुर्गा अष्टमी पूजन



**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय जेपी कॉलोनी में मंगलवार को दुर्गा अष्टमी पूजन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा अष्टमी को महाअष्टमी के रूप में भी मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से किया गया। उसी दिन से दुर्गा मां के समक्ष ज्योत जगा कर व आरती करके मां का आशीर्वाद लिया गया। प्राचार्या आशु साहनी के कर कमलों से दुर्गा मां के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किए गए। छोटी-छोटी कन्याओं को हलवा, पूड़ी व छोले का भोग लगाया गया। कन्याओं का पूजन करके उनसे आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान सुशील बंडूला द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को दुर्गा मां के नौ रूपों के विषय में विस्तार से बताया गया।




### ढांडा बॉक्सिंग क्लब ने जीते तीन स्वर्ण

**रोहतक।** राजीव गांधी राज्य स्तरीय खेल परिसर स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में पिछले दिनों नेशनल लेवल की मुक्केबाजी प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें सेक्टर स्थित ढांडा बॉक्सिंग क्लब के तीन बॉक्सर ने स्वर्ण पदक जीते। कोच सुरेंद्र ढांडा और सतबीर दूहन ने बताया कि सागर ढांडा ने 57 में, निखिल गुलिया ने 60 और शिवानी दहिया ने 60 किलोग्राम में गोल्ड मेडल जीते। कोच का कहना है कि तीन खिलाड़ियों में खेल को लेकर काफी संवेदनशीलता है। नियमित रूप से अभ्यास करना इनकी आदतों में शुमार है। कोच ने कहा कि ये सभी एक दिन देश का नाम दुनिया में रोशन करेंगे।

### दा आर्यन ग्लोबल स्कूल की दिव्यजोत ने स्केटिंग में जीता स्वर्ण पदक




**रोहतक।** दा आर्यन ग्लोबल स्कूल करौंथा स्थित दिव्यजोत ने 14 अप्रैल को फतेहाबाद में अंडर-17 हरियाणा कप एसोशिएशन के तहत 2024 को हुई आईस बैंडी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें दिव्यजोत ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया है। छात्रा के इस बेहतरीन प्रयास को देखकर अन्य बच्चों को भी प्रेरणा मिल रही है। मैनेजमेंट सदस्यों, स्कूल प्रबंधक सुरेश सिंगला व प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने दिव्यजोत के प्रयास को उत्तम बताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य बच्चों को खेल व अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

## अष्टमी पर कंजकों को घर में श्रद्धालुओं ने खिलाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक







चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया तथा पूजा अर्चना कर व्रत समाप्त किए। घर में कन्या पूजन के लिए श्रद्धालुओं को गली-गली घूमते हुए देखा गया। कन्याओं को एकत्रित करने के लिए श्रद्धालुओं को भारी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों में कन्याओं को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। मान्यता है कि नवरात्र की अष्टमी पर कन्याओं को भोजन कराने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मन्नतें पूरी करती हैं। यह भी मान्यता है कि जब तक कन्याओं को भोजन न कराया जाए तब तक व्रत सफल नहीं होता। इसी मान्यता के चलते मंगलवार को सुबह श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराया तथा अन्न प्रसाद के रूप में ग्रहण करके व्रत समाप्त किया। श्रद्धालु मंगलवार सुबह जहां कन्याओं को शीघ्र भोजन करा व्रत समाप्त कर अन्न ग्रहण करने को उतावले दिखे वहीं कन्याओं को ढूंढने के लिए जगह-जगह गलियों में घूमते हुए देखा गया। कुछ लोगों को तो भोजन कराने के लिए कन्याएं न मिलने पर मंदिरों में सामूहिक रूप से भोजन करा कर काम चलाया। वहीं कुछ कन्याओं ने कई-कई घरों में भोजन किया।

### संकट मोचन मंदिर में भक्तों ने की पूजा

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में गुरुमां गायत्री के सानिध्य में मां मंगलवार चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मां जगदंबे के आठवें स्वरूप महागौरी मां की पूजा-अर्चना भक्तों ने विधिनुसार, मंत्रोच्चारण, श्रद्धा, उत्साह, सुख-समृद्धि से आरती की और मनोकामनाएं मनोकामनाएं मांगी। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।

### कंजकों को लाने के लिए घर-घर गए श्रद्धालु

नवरात्र में व्रत रखने वाले श्रद्धालु दुर्गा अष्टमी पर पूजा-अर्चना के लिए कंजकों को लाने के लिए घर-घर घूमते नजर आए। दुर्गा अष्टमी पर व्रत रखने वाले माता के श्रद्धालु कन्याओं को भोज करवाते है। कन्याओं को भोज करवाने के बाद ही व्रत पूरे माने जाते है।

## जाट कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने तिलियार झील पर चलाया पुनीत सागर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




राष्ट्रीय कैडेट कोर के देशव्यापी प्रमुख अभियानों में से एक पुनीत सागर अभियान के तहत जाट कॉलेज के प्रथम हरियाणा बटालियन एनसीसी कैडेट्स द्वारा तिलियार झील पर मंगलवार को स्वच्छता अभियान चला कर आमजनों को जागरूक किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने तिलियार झील और आसपास के इलाकों की सफाई कर स्वच्छता संदेश दिया। पुनीत सागर अभियान के शुभारंभ पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि पुनीत सागर अभियान पूरे देश में एनसीसी द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को जलीय स्त्रोंतो की स्वच्छता के बारे में जागरूक करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कैडेट्स को प्रेरित किया कि वे अपने जलीय क्षेत्र तालाब, नहर पर स्वच्छता बनाए रखें और अन्य को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें। प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने कहा कि वर्ष 2019 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से पुनीत सागर अभियान शुरू किया हैं, जिसके तहत सबसे पहले देश के समुद्री तटीय क्षेत्रों और नदियों के किनारों पर सफाई के लिए प्रेरित किया गया। एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक दांगी ने कहा कि राष्ट्रव्यापी पुनीत सागर अभियान जैसे कार्यक्रम देश में सकारात्मक बदलाव को रूप देने में मददगार हैं।



## रामा आश्रम रोहतक में दो दिवसीय भगवती जागरण, दुर्गाष्टमी हवन व भजन संध्या हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्रीनगर कालोनी स्थित रामा आश्रम में नवरात्र पर दो दिवसीय विशाल मां भगवती जागरण, दुर्गाष्टमी हवन व भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया। 15 अप्रैल को जागरण में प्रसिद्ध भजन गायिका रीतिका चावला के साथ साथ भारत सहगल, संजय शर्मा, गुलशन खुराना ने भजनों की प्रस्तुति दी। मंच संचालन सुभाष अनुराग ने किया। मंगलवार को दुर्गाष्टमी हवन किया गया। इसके बाद भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भारत भूषण बतरा, आशा हुड्डा, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल और हिमांशु ग्रोवर ने शिरकत की। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था द्वारा निःशुल्क कैम्प लगाया गया। गद्दीनशीन महंत अशोक दास महाराज ने माता रानी का महिमामंडन किया। महन्त रामानुज दास महाराज ने सभी का आभार जताया।

## हिंदी की चम्पू शैली में लिखित प्रथम आत्मकथा लोकार्पित

- कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. कृष्णा जून ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सभागार में मंगलवार को हिंदी की चम्पू शैली में लिखित प्रथम चम्पू-आत्मकथा का विमोचन व लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ. कृष्णा जून ने की। मुख्य अतिथि फिल्म निर्माता निर्देशक लेखक आदित्य रानोलिया रहे। कार्यक्रम का संचालन निर्मला प्रकाशन दादरी के निदेशक डॉक्टर अशोक कुमार मंगलेश ने किया। मुख्य अतिथि हिंदी फिल्म निर्माता निर्देशक लेखक आदित्य रानोलिया व हिंदी विभागाध्यक्ष कृष्णा जून की अध्यक्षता में कई साहित्यकारों व शिक्षाविदों की उपस्थिति में पुस्तक का लोकार्पण किया गया। बाद में पुस्तक बारे परिचर्चा हुई जिसमें हिंदी साहित्य की चम्पू विधा बारे व्यापक स्तर पर चर्चा हुई। साहित्यकारों व शिक्षाविदों का कहना था कि जिला महेंद्रगढ़ के गांव गोमला वासी मित्र राधेश्याम गोमला द्वारा लिखित गांव का महंत चंपू विधा में लिखा एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लोकसभा चैनल के एंकर पत्रकार रामबीर श्रेष्ठ, आलोक भांडोरिया, पुष्पेंद्र चौहान, सुशील सिल्लू, आरसी पूनिया रहे। उल्लेखनीय है कि आज तक चंपू शैली में किसी भी भाषा में आत्मकथा नही लिखी गई है। निर्मला प्रकाशन दादरी हरियाणा से प्रकाशित मित्र राधेश्याम गोमला द्वारा लिखित गांव का महंत आत्मकथा चम्पू शैली में लिखी विश्व की प्रथम आत्मकथा है। साहित्यिक क्षेत्र में नया इतिहास रचने वाली यह रचना सामयिक ग्रामीण ऐतिहासिक दस्तावेज भी है।

## बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान का प्रावधान किया

# साइकिल यात्रा से दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिय कुमार ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मतदान के पर्व में हर मतदाता अपना योगदान दें। निर्वाचन आयोग द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान का प्रावधान किया है। यदि ऐसे मतदाता अपने घर से मतदान करना चाहते है तो वे संबंधित बूथ स्तर अधिकारी के माध्यम से फार्म भरें। डीसी अजय कुमार मंगलवार को छोटूराम स्टेडियम परिसर में स्वीप अभियान के तहत आयोजित पेडल फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शंस साइकिल रैली के समापन अवसर पर उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त , पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, सहायक आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अंजली श्रोत्रीय, साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक, रविंद्र मलिक व अन्य ने स्वयं साइकिल रैली में शामिल होकर शहर वासियों को लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने का संदेश दिया। इस मौके पर डीसी ने संबोधन में कहा कि हर मतदाता चुनाव का पर्व-देश का गर्व में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करते हुए 25 मई को लोकसभा आम चुनावमें मतदान अवश्य करें। चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ जिला प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हरियाणा में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होगा। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

### निरंतर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने कहा कि मतदाताओं में विश्वास बहाल करने तथा भय मुक्त माहौल बनाने के लिए निरंतर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं की सुरक्षा के सभी पुख्ता प्रबंध किए गए है। हर मतदाता निडर व निर्भिक होकर लोकसभा आम चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें।


TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

CUET
ENGLISH | GENERAL TEST | DOMAN SUBJECTS
Join ENTRANCE PREPARATION
CLAT IPMAT DESIGN
BBA BCA LIBERAL
BJMC HOTEL MANAGMENT BA. B.ED
2 YEAR PROGRAM 1 YEAR PROGRAM
CRASH COURSE TEST SERIES
Get SCHOLARSHIP upto 50%
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

**खबर संक्षेप**



रोहतक। सोनीपत रोड पर भंडारा वितरित करते हराजकमल सहगल।

## सोनीपत रोड पर लगाया भंडारा

**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित पंकज बल्हारा के बाइक शौरूम पर अष्टमी के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर एवं भाजपा नेता राजकमल (राजू) सहगल ने पहुंचकर भंडारा वितरण किया।



रोहतक। श्रीराम नवमी पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा का निमंत्रण देते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## विहिप निकालेगा राम नवमी पर शोभायात्रा

**रोहतक।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्रीराम नवमी पर शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में सभी नगर वासियों को आमंत्रण देने की श्रृंखला में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता द्वारा बाजारों में निमंत्रण पत्र दिए गए। इस कार्य के लिए परिषद के कमल, मंगल, सतीश, अशोक, विनोद, चरंजीत, हरीश, अमित, सतीश भाटिया व विजय शामिल रहे।



## सुरेश नारंग कांग्रेस में आस्था जताई

**रोहतक।** रोहतक के सुरेश नारंग दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और दीपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस में शामिल हुए। इसी मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, महेंद्रगढ़ विधायक राव दान सिंह और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।

## 19 को खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी

**रोहतक।** 19 अप्रैल को युवा एव खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित खेलों इंडिया राइजिंग टेलेंट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम के तहत रोहतक स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र द्वारा हॉकी और मुक्केबाज़ी के प्रतिभावान खिलाड़ियों की ट्रायल ली जाएगी।

# प्रॉपर्टी आईडी का 30 प्रतिशत डाटा अपलोड करना होगा

## अब तक 20 प्रतिशत भी नहीं हुआ, अब घर-घर जाएंगे निगम के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के लिए प्रॉपर्टी आईडी रिकार्ड दुरुस्त करना, प्रॉपर्टी की जानकारी यूएलबी पोर्टल पर अपलोड करवाना टेढ़ी खीर बनता जा रहा है। कई माह से चल रहे अभियान के बावजूद महज 30 हजार लोगों ने पोर्टल पर संपत्ति की जानकारी दी है। इसके अलावा अभी भी एक तिहाई आबादी के बिल गलत बने हुए हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए निगम ने कर्मचारियों को घर घर भेजने का निर्णय लिया है।

जल्द ही कर्मचारी लोगों के घर जाकर मकान मालिक से संपत्ति का डाटा अपलोड करवाएंगे। शहर में करीब एक लाख 19 हजार प्रॉपर्टी आईडी हैं। इनमें से करीब 70 प्रतिशत लोगों के बिल रिकार्ड में दुरुस्त किए जा चुके हैं। इसके अलावा अन्य उपभोक्ता बिल ठीक करवाने के लिए घूम रहे हैं। निदेशक कार्यालय की तरफ से निगम को टारगेट दिया गया है कि 30 प्रतिशत प्रॉपर्टी को पोर्टल पर स्वयं प्रमाणित करवाना होगा। अभी तक निगम 20 प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं करवा पाया है। ऐसे में काम पूरा करवाना निगम के लिए आसान नहीं होगा। स्टाफ कम होने की वजह से ही टैक्स ब्रांच ने उच्च अधिकारियों के मार्फत कर्मचारियों की मांग की है।



रोहतक। सेक्टर 14 में पहुंचे नगर निगम के कर्मचारी डाटा अपलोड करते हुए।

### अभी स्टाफ पूरा नहीं मिला

हमारा प्रयास है कि नगर निगम की टीम घर घर जाकर प्रॉपर्टी डाटा का कार्य पूरा करे। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। अभी स्टाफ पूरा नहीं मिला है। स्टाफ मिलने के बाद घर घर टीम भेजी जाएगी। इसके लिए पार्षदों और आरडब्ल्यूए का सहयोग लिया जाएगा।

-जितेंद्र सिंह, डीएमसी नगर निगम

**दोबारा लग सकते हैं कैंप:** निगम के अधिकारी हर वार्ड में दोबारा कैंप लगाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए पार्षदों और आरडब्ल्यूए की मदद भी ली जा रही है। जल्द ही कैंप लगाने के स्थान और दिन की लिस्ट जारी हो सकती है। विगत सप्ताह ही निगम ने शहर में प्रमुख जगहों पर कैंप लगाए थे, जहां हजारों लोगों ने प्रॉपर्टी की जानकारी दी।

### सेक्टर 14 में टीम ने लगाया कैंप

निगम की टीम ने सेक्टर 14 में प्रॉपर्टी की जानकारी दर्ज करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान मार्केट और पार्क में कर्मचारियों कैंप लगाया। जहां कर्मचारियों ने लोगों से मुलाकात की और उनके कागजात देखकर डाटा दर्ज किया। इस दौरान उनके साथ सेक्टर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी सागर बुधवार व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कार्यालय में भी करवा सकते हैं बिल ठीक

रोहतक की करीब एक तिहाई लोगों के प्रॉपर्टी आईडी के बिल गलत बने हुए हैं। काफी समय से तो लोगों के घरों तक बिल भी नहीं पहुंच रहे हैं। उन्हें निगम कार्यालस से बिल लेने पड़ते हैं। अभी कैंप में उनके बिल ठीक करने को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उन्हें रिकार्ड ठीक करवाने के लिए नगर निगम के कार्यालय में ही आना होगा।



# छोटूराम पॉलिटेक्निक कालेज में सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ कैडेट्स व छात्रों ने कॉलेज में पेड़ों, फुटपाथ व आउटर बाउंड्री पर रंग रोगन किया

सर छोटूराम पालिटेक्निक कॉलेज के एनसीसी कैडेटों व छात्रों द्वारा मंगलवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुभाष दहिया, डॉ. सतेन्द्र पावड़िया व एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट आलोक कुमार के नेतृत्व में कॉलेज प्रांगण में सफाई गई।

कैडेट्स व छात्रों द्वारा कालेज में पेड़ों, फुटपाथ व आउटर बाउंड्री पर रंग-रोगन किया। स्वच्छता अभियान से संबंधित पोस्टर बनाकर उनके माध्यम से विधार्थियों व स्टाफ सदस्यों को जागरूक किया।

इस अवसर पर कालेज प्राचार्य डॉ सुभाष दहिया द्वारा आम जनमानस से आह्वान किया कि हर नागरिक अपने घरों व संस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाए।

### ये रहे मौजूद

प्रवीण कोहाड, अशोक देशवाल, डा सुखबीर किन्हा, डा नीलम मलिक, डा रविन्द्र राठी, प्रवीण दहिया, दलबीर सिंह, हंसराज, राजू नांदल, सोनू नांदल, अशोक मान, शमशेर मलिक व अन्य स्टाफ अभियान के दौरान मौजूद रहा।

# कुलपति ने इमसॉर की कक्षाओं का दौरा किया



■ कुलपति ने इमसॉर की लाइब्रेरी, रिसर्च स्कॉलर लैब तथा कंप्यूटर लैब की भी विजिट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसॉर) की विजिट की। वीसी ने इमसॉर की कक्षाओं का दौरा किया और संस्थान में जारी नवीनीकरण कार्यों का जायजा लिया। प्रो. सिंह ने इमसॉर की कक्षाओं की विजिट के दौरान शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से बातचीत की और शिक्षण व्यवस्था को जांचा। कुलपति ने इस दौरान कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और नियमित कक्षाएं लगाने की बात कही। कुलपति ने इमसॉर की लाइब्रेरी, रिसर्च स्कॉलर लैब तथा कंप्यूटर लैब की भी विजिट की। उन्होंने इमसॉर की लाइब्रेरी में शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया और लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं बारे विद्यार्थियों का फीडबैक लिया।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इमसॉर में सेमिनार हॉल समेत अन्य नवीनीकरण कार्यों का भी जायजा लिया और इमसॉर में विद्यार्थियों की सुविधाओं को अपग्रेड करने की बात कही।

# मिस्त्री से मारपीट मामला : यूनियन ने दिया 18 तक का अल्टीमेटम

■ गोरखनाथ कॉलोनी में मकान मालिक ने बकाया मांगने पर की थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोरखनाथ कॉलोनी के मकान मालिक पर पुलिस कार्रवाई न होने के खिलाफ भवन निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले मिस्त्री मजदूरों ने रोष सभा की। अर्बन अस्टेट पुलिस के सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद सभा का समापन करते हुए अल्टीमेटम दिया गया कि अगर 18 अप्रैल तक सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो 19 अप्रैल को हजारों मिस्त्री मजदूर हड़ताल कर जोरदार प्रदर्शन करेंगे। मकान मालिक की गुंडागर्दी के मामले में कार्रवाई न करने से नाराज मिस्त्री मजदूर मानसरोवर पार्क में एकत्रित हुए और यूनियन के रोहतक ब्लॉक प्रधान संजीव सिह की अध्यक्षता में सभा की।

उन्होंने बताया कि राजमिस्त्री कपिल देव एवं कई मजदूर एक मकान में निर्माण का कार्य कर रहे थे। जब कपिल ने बकाया राशि मकान मालिक से मांगी तो उसने कहा कि पैसे नहीं दूंगा पहले काम पूरा करो। तब उन्होंने वहां कार्यरत मिस्त्री-मजदूरों ने कहा कि हमारी दिहाड़ी का भुगतान कर दो तो मकान मालिक कुलदीप हुड्डा ने राजमिस्त्री पर ईट उठाकर मारी और जान से मारने की धमकी दी। इसके खिलाफ जब पीड़ित राजमिस्त्री कपिल देव और यूनियन के पदाधिकारी मकान मालिक की शिकायत देने पहुंचे तो पुलिस ने कार्रवाई करने की बजाय आपसी समझौता की बात कही। सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली, भवन निर्माण कामगार यूनियन के प्रदेश सचिव कामरेड विनोद, यूनियन ब्लॉक उप प्रधान सुरेश यादव ने कहा कि एक और तो मिस्त्री मजदूर मंदी का शिकार है। वहीं ,मकान मालिकों के एवं शासन प्रशासन के रवैये से मजदूरों के लिए जंगलराज जैसी स्थिति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कितनी विडंबना की बात है अपनी मेहनत से हजारों मकान और शहर को सुंदर बनाने वाले मजदूरों को उत्पीड़न के मामले में कार्रवाई के लिए प्रदर्शन करने पड़ रहे हैं।

### कार्रवाई का आश्वासन

मजदूरों के बढ़ते आक्रोश को देख पुलिस हरकत में आई और अर्बन अस्टेट थाना एसएचओ मजदूरों के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगले दो दिन में आरोपी मकान मालिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि अगर 18 अप्रैल तक कानून सम्मत कार्रवाई नहीं की गई तो 19 अप्रैल को हजारों मजदूर हड़ताल कर प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

इस मौके पर यूनियन के सह सचिव श्यामसुंदर, सचिव शैलेंद्र, मुख्य सलाहकार एडवोकेट अतर सिंह हुड्डा, सीटू जिला उप प्रधान सतबीर पाकसमा, सह सचिव प्रकाशचंदर, रवि, प्रदुमन, हरिकेश, जसवंत, किसान नेता कुलबीर नेहरा, राधेश्याम,अनिल, विजय, प्रमोद, जमील, सिकंदर, शिवकुमार, रईस ने भी विचार रखें।



रोहतक। मजदूर के साथ मारपीट को लेकर पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर रोष सभा करते हुए सीटू पदाधिकारी एवं मजदूर। फोटो : हरिभूमि

# वैश्य महाविद्यालय के छात्रों को तिलियार जू एवं झील का करवाया निरीक्षण

■ प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों को कॉलेज से रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य महाविद्यालय के जीव विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग ने एक दिवसीय फील्ड एक्सक्यूशन का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को तिलियार जू एवं झील ले जाया गया।



इसमें सभी बीएससी मेडिकल के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों को उत्साहित करते हुए कॉलेज से रवाना किया।

डॉ. फूल सिंह यादव ने छात्रों को वहां की बायोडाईवर्सिटी से अवगत कराया तथा तिलियार जू में छात्रों ने एशियंटिक टाइगर, व्हाइट टाइगर, ऑस्ट्रिच, पिलिकंस, एंटेलॉप इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ साथ ही छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों जीव जंतुओं की सम्मिलित रूप से जानकारी हासिल की और संग्रह भी किया। इस मौके पर सोनल गुप्ता, हिमांशु आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

■ सुनो नहरो की पुकार मिशन की टीम ने जल प्रहरी के तौर पर आमजन को किया जागरूक



## नहरों में कुछ भी न डालने को किया जागरूक

**रोहतक।** सुनो नहरो की पुकार मिशन की टीम ने जल प्रहरी के तौर पर सुबह सात बजे से देर शाम तक आमजन को नहरों में कुछ भी न डालने के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह व संरक्षक दीपक छारा ने दी। उन्होंने बताया कि माता के नवरात्रि के समापन पर अष्टमी को नहरों के पुलों पर काफी भीड़ होती है। लोग तरह-तरह के सामान प्लास्टिक सामग्री व अन्य चीजें में डालते हैं जो जल की शुद्धता को खराब करते हैं। मंगलवार को बहुत से सामाजिक लोगों ने, जेएलएन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपनी सेवाएं देते हुए आमजन को नहरों में कुछ भी ना डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 17 और 18 अप्रैल को भी इसी प्रकार लोगों को समझाएंगे कि नहरों के निर्मल में किसी प्रकार का कोई सामान न डालें और उस निर्मल पानी को प्रदूषित जाने से बचाएं। इस अवसर पर दीपक छारा, मुकेश नानकवाल, अजय हुड्डा, प्रीत सिंह अहलावत, रविन्द्र नांदल, कैप्टन जगबीर, राजबीर मलिक, मीनू सिंह, मिथिलेश निर्मल पन्नू, सतबीर छिकारा, साहब सिंह, रणबीर मलिक, वेदपाल नैन आदि मौजूद रहे।

# मदन लाल धींगरा कम्युनिटी सेंटर में एक नई सोच फिज्ज एंड फन किया आयोजन

■ कार्यक्रम में 100 बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया

■ वर्कशॉप में प्रथम, दितीय और तीसरा पुरस्कार देकर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड द्वारा आयोजित पुरानी आईटी में मदन लाल धींगरा कम्युनिटी सेंटर में एक नई सोच फिज्ज एंड फन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ भाग लिया। मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया समारोह में मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन, पठानिया स्कूल के डायरेक्टर अंशुल पठानिया, मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, मनोज ने गणेश भगवन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर साइंस वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम बच्चो ने खुद से तरह तरह के प्रयोग अध्यापिका की देख रेख में करें। साइंस वर्कशॉप में भाग लेने वाले स्टूडेंट को प्रथम, दितीय और तीसरा पुरस्कार देकर सम्मानित किया और साइंस वर्कशॉप में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, तुषार हांडा, आशीष अनेजा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने भेजा सरकार को ज्ञापन

# स्कूल बसों को दुरुस्त करने के लिए समय दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के शिष्टमंडल ने उपायुक्त अजय कुमार की अनुपस्थिति में जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र नांदल ने की।

संघ ने मांग रखी है कि सरकार स्कूल बसों को 10 वर्ष की बजाए 15 वर्ष में कंडम करने का नियम बनाए। संघ ने कहा कि बच्चे कई बार शरारत करते हुए कैमरे, फायर सिलेंडर, रिफलेक्टर आदि के साथ छेड़खानी करते हुए उनको खराब कर देते हैं तो उनको बदलवाने में समय लग जाता है। इन सब कमियों की वजह से फिलहाल प्रशासन स्कूलों बसों का चालान व स्कूल बसों को जब्त कर रहा है। सरकार से मांग हैं कि इन कमियों को दुरुस्त करने के लिए स्कूलों को कुछ समय प्रदान करें, ताकि स्कूल बस के फिटनेस सम्बन्धी नियमों को पूरा किया जा सके। इन समस्याओं और मांगों को पढ़ने के बाद जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा ने कहा कि वे सभी समस्यओं और मांगों को सीएम तक पहुंचा देंगें। संघ के महासचिव डॉ. सजीव गुप्ता ने कहा कि स्कूल के 2 किलोमीटर के दायरे में शराब का ठेका नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह नियम एक्साइज पॉलिसी के तहत आता है। प्रदेशाध्यक्ष रविन्द्र नांदल ने कहा कि हम कनीना बस हादसे में मारे गए बच्चों के प्रति सहानुभूति एवं संवेदनाएं प्रकट करते हैं। संघ का प्रयास रहेगा कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावर्ति ना हो। हम अपनी कमियों को पूरा करेंगे। उन्होंने अपनी वर्तमान की समस्याओं एवं मांगों को जिला राजस्व अधिकारी के सामने रखा। संघ ने ज्ञापन में कहा कि शिक्षा विभाग ने 28 मार्च, 2023 को वर्ष 2007 से पहले के प्रदेश के सभी अस्थाई, अनुमति प्राप्त स्कूलों को सशर्त दो वर्ष की एक्सटेन्शन देने का आदेश जारी किया था, लेकिन शिक्षा विभाग ने सभी एक ही कैटेगरी के स्कूलों में 2003 से पहले के अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को 15 जनवरी, 2024 को बिना बांड राशि भरे एक्सटेन्शन लेटर जारी कर दिया।



रोहतक। जिला राजस्व अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रमेश गुप्ता, मीनू गिरधर, सपना धवन, सुरेन्द्र हुड्डा, राजकुमार धवन, अशोक डांगी, कर्मवीर, शोलू हुड्डा, मोहन कुमार, वेद, अरविन्द्र राणा, जगबीर ढ़ाका, मांडूराम और डॉ. संजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## महर्षि दयानंद विवि के कार्यक्रम को रद करना गलत: दीपेंद्र हुड्डा

**रोहतक।** एमडीयू में वाल्मीकि छात्र महासभा, एकलव्य छात्र संगठन, अंबेडकर छात्र मोर्चा, सीवाईएसएस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से छात्र सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने शिरकत की। इस मौके पर दीपेंद्र ने कहा कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में होने वाले कार्यक्रम को रद करके बीजेपी ने एकबार फिर अपनी बाबा साहेब, संविधान व लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रमाण दिया है। सम्मेलन में सभी बाबा साहब के जीवन, देश के प्रति उनके योगदान और संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा करना चाहते थे। इसके लिए बाकायदा पहले प्रशासन द्वारा मंजूरी दी गई। लेकिन ऐन मौके पर उस मंजूरी को रद कर दिया गया। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रशासन ने कार्यक्रम रद करके टकराव की स्थिति पैदा करने की कोशिश की। लेकिन कांग्रेस और तमाम छात्र संगठनों ने मयार्दाओं का प्रदर्शन किया। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से यूनिवर्सिटी गेट के बाहर मीडिया के सामने बाबा साहेब को नमन किया। सांसद दीपेंद्र ने बताया कि इससे पहले गांधी कैंप में चुनाव प्रचार के दौरान प्रशासन ने कांग्रेस के झंडे और बैनर उतारे थे। कार्यक्रम के दौरान ही जानबूझकर लोगों को उकसाने के लिए प्रशासन ने ऐसी कार्रवाई की। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस को चुनाव प्रचार से रोकने की बजाय सरकार को अपराधियों को रोकने पर ध्यान देना चाहिए।